मुख्यमंत्री भजनलाल ने पीएम मोदी के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 25 सितंबर को बांसवाड़ा में माही बांसवाड़ा न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट समेत कई विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे

बांसवाड़ा/जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 25 सितंबर को बांसवाड़ा के नापला में प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत माही बांसवाड़ा न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट समेत कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इस आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं नापला पहुंचे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग क्षेत्र सहित पूरे आयोजन स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं और कार्यक्रम में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंच, डोम, सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बांसवाड़ा के नापला में तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक कैलाश मीना, मुख्य सचिव सुधांश पंत, डीजीपी राजीव शर्मा मौजूद रहे।

- **मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग क्षेत्र सहित पूरे आयोजन स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की**

इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा प्रदेश के लिए ऐतिहासिक रहेगा। माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र राजस्थान की ऊर्जा क्षमता को नई ऊंचाई देगा और यह प्रोजेक्ट ऊर्जा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, विधायक कैलाश मीना, शंकरलाल डेचा, मुख्य सचिव सुधांश पंत, डीजीपी राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार, शिखर अग्रवाल, प्रवीण गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पत्नी पर शक के चलते रिश्तेदार युवक की चाकू से हमला कर हत्या

- **ससुराल पहुंचकर पति ने पत्नी, युवक व सास पर चाकू से हमला किया, घायल महिला व उसकी मां का उपचार अस्पताल में चल रहा है**

कोटा, (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके में शनिवार को पति ने अपने ससुराल कोटा आकर पत्नी व उसके रिशतेदार साथी युवक व अपनी सास पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल हुए युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई एवं घायल महिला व उसकी मां का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार पूरे घटनाक्रम के पीछे मामला सामने आया है कि हमलावर पति अपनी पत्नी के उपर शक करता था, और उसको रिशतेदार युवक का घर में आना-जाना भी पसंद नहीं था। हमले की सूचना पाकर बोरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर ही एफएसएल, एमओबी व अन्य टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाये गये। बोरखेड़ा थानाधिकारी देवेश भारद्वाज ने बताया कि इलाके के मंडीपाडा निवासी रेखा रानी कुशवाह की शादी अंता के नागदा गांव निवासी चंद्रप्रकाश कुशवाहा के साथ हुई थी। दोनों पति-पत्नी के बीच कोई कहासुनी को लेकर अनबन हो गई और महिला अपने पीहर मंडीपाड़ा में अपनी मां के पास रहने लगी। थानाधिकारी ने बताया कि चंद्रप्रकाश कुशवाह शनिवार को अपने ससुराल अपनी पत्नी रेखा रानी से मिलने के लिये आया था, घर में उसकी पत्नी के मौसी का पोता दीपक कुशवाह मौजूद था। थानाधिकारी ने बताया कि चन्द्रप्रकाश अपनी पत्नी के ऊपर शक करता था जिसके चलते उसने पत्नी रेखा रानी कुशवाह (30) दीपक (32) पर अचानक से चाकू से हमला कर दिया, शोर सुनकर रेखा रानी की मां रूकमणी (62) बीच बचाव के लिये आई तो चन्द्रप्रकाश ने अपनी सास के ऊपर पर भी चाकू से हमला कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे, हमले में घायल तीनों को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां घायल दीपक कुशवाह की मौत हो गई। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। आरोपी के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दस हजार का इनामी तस्कर गिरफ्तार

- **आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस को दो किलोमीटर तक खेतों में दौड़ाना पड़ा**

जोधपुर, (कासं)। जिले की बिलाड़ा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में फरार चल रहे दस हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। वह चार साल से फरार था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस को दो किलोमीटर तक खेतों में दौड़ाना पड़ा।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिलाड़ा पुलिस ने खुडाला झंवर निवासी बुधाराम को गिरफ्तार किया है। वह चार साल से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ बिलाड़ा में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण था। एएसपी भोपाल सिंह के सुपरविजन में जिला विषेष टीम के प्रभारी श्रवणकुमार भंवरिया मय टीम द्वारा कांस्टेबल देवीलाल की सूचना पर पुलिस टीम वांछित अपराधी की दस्तयाबी के लिए दबिश दी गई। वह पुलिस को देखकर खेतों में भाग गया, तब दो किलोमीटर तक पीछा कर आखिरकार पकड़ा गया।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी ने खेतों में बीज उत्पादन घोटाला पकड़ा

- **कागजों में ग्वार और मूंग का बीज उत्पादन दिखाने वाली कंपनियों के खेतों में मौके पर नरमा (कपास) की फसल पाई गई**
- **किसानों की शिकायत पर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में खेतों का निरीक्षण किया**

जयपुर/हनुमानगढ़। किसानों की शिकायत पर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने शनिवार को श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में खेतों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीज उत्पादन को लेकर बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। कागजों में ग्वार और मूंग का बीज उत्पादन दिखाने वाली कंपनियों के खेतों में मौके पर नरमा (कपास) की फसल पाई गई। मंत्री ने इसे किसानों के साथ खुला धोखा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'दुगुनी आय' योजना पर सीधा हमला बताया।

निरीक्षण के दौरान पियाली नेचुरल्स प्राइवेट लिमिटेड, कृभको और जयशंकर सीड्स जैसी कंपनियों के दस्तावेजों और जमीनी स्थिति में भारी अंतर सामने आया। कहीं ग्वार के नाम पर मूंग और नरमा की फसल लगी मिली, तो कहीं जिस किसान के नाम पर फसल दिखाई गई, वह उस गांव का ही नहीं निकला। एक खेत में तो किसान रामस्वरूप ने साफ कहा कि कंपनी ने उसके बेटे के नाम पर समझौता दिखाया, जबकि उसका ऐसा कोई बेटा है ही नहीं।

कृषि मंत्री ने बताया कि यह पूरा खेल कागजों में बीज उत्पादन दिखाने, अनाज की मंडी से सस्ता अनाज खरीदकर उसे प्रोसेस कर सर्टिफाइड बीज के नाम पर महंगे दामों में बेचने का है। कंपनियां 40-50 रुपए किलो में अनाज खरीदती हैं और फिर उसे नीले टैग के साथ 700-800 रुपए किलो में किसानों को बेच देती हैं। इससे न केवल किसानों को नुकसान होता है, बल्कि सरकारी सब्सिडी का भी दुरुपयोग होता है। डॉ. मीणा ने कहा कि इस घोटाले में कई सरकारी संस्थाएं भी शामिल हैं, जिनमें एचआईएल, कृभको, इफको, आरएसएससी, एनएससी, नैफेड आदि के नाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि बीज प्रमाणीकरण की प्रक्रिया में भी लापरवाही सामने आई है, जिसके तहत फर्जी फसल पर भी प्रमाणन टैग जारी कर दिए गए। शनिवार को कृषि मंत्री ने बीज उत्पादन से जुड़ी करीब 20 फाइलों की जांच की, जिनमें गंभीर गड़बड़ियां पाई गईं। उन्होंने बताया कि रविवार को 50 और फाइलों की जांच होगी और सैकड़ों लंबित फाइलों की भी विस्तृत जांच की जाएगी। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और अमानक बीज उत्पादन व वितरण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। डॉ. मीणा ने साफ कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज मिलना उनका हक है और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि बीज के नाम पर अब कोई किसान ठगा न जाए।

लोकतंत्र में अभद्रता का कोई स्थान नहीं है : शेखावत

- **जोधपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस नेताओं की हालिया टिप्पणियों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की**

जोधपुर, (कासं)। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शनिवार को जोधपुर दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत की। दिल्ली से आगमन के कुछ ही समय बाद शेखावत ने कांग्रेस नेताओं की हालिया टिप्पणियों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की और संयमित भाषा के उपयोग पर जोर दिया। शेखावत ने कहा कि लोकतंत्र में अभद्रता का कोई स्थान नहीं है। बाबा साहेब अंबेडकर ने जो संविधान रचा, उसमें इस तरह की भाषा को कोई मान्यता नहीं दी गई। महात्मा गांधी ने भी सदा संयम और मर्यादित वाणी का संदेश दिया है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो नेता बाबा साहेब और गांधीजी की शपथ लेकर राजनीति में आते हैं, वही जब असभ्य भाषा का प्रयोग करते हैं, तो यह चिंता का विषय है। लगता है कि यह संस्कार उन्हें वर्तमान पीढ़ी के नेताओं से मिले हैं।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष सलीम खान की विवादास्पद टिप्पणी को लेकर पूछे गए सवाल पर शेखावत ने कहा कि हमारे संस्कार अभद्र भाषा का प्रतिकार करने की अनुमति नहीं देते, लेकिन कांग्रेस को आत्मावलोकन की जरूरत है। अगर वह समय रहते आत्मचिंतन नहीं करती, तो जनता चुनाव में इसका जवाब जरूर देगी। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुपारस भंडारी का नाम लेकर उनकी प्रशंसा की। शेखावत ने कहा कि भंडारी ने गलत को स्वीकार कर क्षमा मांगने की बात कही, यह एक स्वस्थ लोकतांत्रिक संकेत है। दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए शेखावत ने कहा कि दिल्ली में राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत हुई है। यह देश के संकल्पों और युवाओं के सपनों की जीत है।

महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा 28 को

अजमेर, (कासं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा 2024 का 28 सितम्बर प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर होगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

बोर्ड सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा 2024 का 28 सितम्बर को सुबह 10 से 11:30 बजे तक प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों पर निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा के लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। ग्रुप प्रथम में कक्षा 6 से 8, ग्रुप द्वितीय में कक्षा 9 से 12 और ग्रुप तीन में महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल होंगे। सचिव शर्मा ने बताया कि स्कूल के प्रधान तथा महाविद्यालय के प्राचार्य आवेदन करते समय उपयोग की गई यूजर आईडी एवं पासवर्ड से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर हार्ड कापी निकाल लें।

बीकानेर नगर निगम
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक/निर्माण/2025-26/16101 दिनांक 18.09.2025
अल्पकालीन ई- निविदा-सूचना सं0 105/2025-26
नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 34.61 लाख
UBN Number DLB2526WSOB18864
आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/10616 नगर निगम, बीकानेर

बीकानेर नगर निगम
नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org
क्रमांक/निर्माण/2025-26/16101 दिनांक 18.09.2025
अल्पकालीन ई- निविदा-सूचना सं0 105/2025-26
नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
निविदा की कुल लागत 34.61 लाख
UBN Number DLB2526WSOB18864
आयुक्त
राज.संवाद/सी/25/10616 नगर निगम, बीकानेर

कार्यालय नगरपालिका तारानगर (चूरू) राज.
Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com
क्रमांक :/न.पा.ता./2025-26/3235-39 दिनांक :-17.09.2025
ई-निविदा सूचना 07/2025-26
सर्व साधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगरपालिका क्षेत्र में नगरपालिका तारानगर द्वारा स्वीकृत कार्य ऑनलाईन निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। नगरपालिका तारानगर द्वारा नगरपालिका, राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिनांक 19.09.2025 से दिंनाक 03.10.2025 को निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जायेगी। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

NIB CODE	UBN NO.
DLB2526A6133	DLB2526WSOB18921
	DLB2526WSOB18923
	DLB2526WSOB18929
	DLB2526WSOB18934

अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/25/10592 नगरपालिका तारानगर

आर्मी जवान को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

- **सिर के ऊपर से निकला टायर, दोस्त गंभीर घायल, सात दिन पहले छुट्टी पर आए थे**

नोखा, (निसं)। यहां छुट्टी पर घर आए आर्मी जवान की हादसे में मौत हो गई। दोस्त के साथ होटल पर खाना खाने जाते समय जवान की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसा देर रात करीब 11 बजे हुआ चरकड़ा के पास हुआ।

एसआई सुरेश भादू ने बताया कि माडिया गांव निवासी सीताराम बिश्नोई (28) साल 2014 में सेना में भर्ती हुए थे। वे आर्मी की 19 पंजाब यूनिट में सिक्किम में चाइना बॉर्डर पर गंगटोक में पोस्टेड थे। 7 दिन पहले छुट्टी पर घर आए थे। रात को वह बीकासर निवासी अपने दोस्त मनीष के साथ बाइक पर चरकड़ा के पास एक होटल पर खाना खाने जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। वाहन का टायर जवान सीताराम के सिर के ऊपर से निकल गया, जिससे उनकी मौत हो गई। वहीं मनीष को गंभीर चोट आई है। वहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को नोखा के जिला अस्पताल लाए, जहां से मनीष को बीकानेर रेफर कर दिया। वहीं जवान सीताराम के शव को मोचरी में रखवा दिया। एसआई ने बताया कि पुलिस ने सेना और परिजनों को सूचना दी। सेना के अधिकारियों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम किया गया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

मुआवजा नहीं मिलने से किसानों में नाराजगी

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ में बारिश के चलते फसलें बर्बाद होने के बावजूद शहर के किसानों को कोई मुआवजा नहीं मिलने से नाराजगी प्रकट की। सरवाड़ पटवार हल्का क्षेत्र के किसानों ने बताया कि खरीफ फसल वर्ष 2024 में अतिवृष्टि होने के बावजूद किसानों के खाते में अनुदान नहीं आने से किसानों में रोष देखने को मिल रहा है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र के कई बार पटवारी अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद उनकी लापरवाही के चलते किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिलने से संकट पैदा हो गया। वहीं इस वर्ष भी बारिश ने सभी फसलों को बर्बाद कर दिया, जिसके चलते पशुपालन संकट हो गया। वहीं दो दिन हुई बारिश के बाद खेतों में पानी भरने से कटी हुई फसलें नष्ट हो गई जिससे किसानों पर दुख का संकट पैदा हो गया।

पिकअप व ऑटो की भिड़ंत में एक युवक की मौत

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर-सिद्धमुख सड़क पर स्थित गांव किशनपुरा के नजदीक शुक्रवार व शनिवार की देर रात्रि हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पिकअप और ऑटो की हुई जबरदस्त भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल होने के साथ-साथ ऑटो चालक घायल हो गया। युवक बीकानेर से परीक्षा देकर तथा ऑटो किराए पर कर अपने गांव जा रहे थे।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि सुमित कुमार निवासी किशनपुरा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि गांव किशनपुरा निवासी अमित अपने साथियों मनफूल, सोनू सिंह के साथ 19 सितंबर को परीक्षा देकर रात्रि के समय टेंपो से सादुलपुर से अपने गांव लौट रहे थे। रात करीब 11.35 बजे बामणों वाले कुण्ड के पास सामने से आ रही पिकअप के चालक ने तेज गति व लापरवाही से गलत साइड में वाहन चलाते हुए ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो दो हिस्सों में बंट गया। हादसे में किशनपुरा निवासी अमित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनफूल को गंभीर चोटों के चलते पहले शहर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे हिसार रेफर किया गया। सोनू सिंह को पहले राजगढ़ और फिर चूरू अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुनील को हल्की चोटें आईं और उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। ऑटो चालक अब्दुल रफीक भी घायल हुआ है, जिसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया तथा मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरकारी टीचर ने छात्रा से छेड़छाड़ का प्रयास किया

- **एक महीने से परेशान करने का आरोप, पॉक्सो में केस दर्ज**

अनूपगढ़, (निसं)। यहां एक सरकारी स्कूल के शिक्षक पर नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घड़साना पुलिस थाने में पीड़िता और उसके परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सरकारी स्कूल में कक्षा 7 में पढ़ ने वाली 12 वर्षीय छात्रा के साथ टीचर जयपाल मीणा ने अश्लील हरकतें की। आरोपी शिक्षक पिछले एक महीने से छात्रा को गलत नीयत से छू रहा था। छात्रा घर पहुंची, तो वह डरी और सहमी हुई थी। शुरुआत में उसने कुछ नहीं बताया। मां के बार-बार पूछने पर उसने पूरी घटना बताई। छात्रा ने बताया कि शिक्षक ने उसे किसी को नहीं बताने की धमकी भी दी थी। एसएचओ महावीर प्रसाद बिश्नोई ने बताया कि आरोपी शिक्षक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
प्रमाणित शक्ति सूर्यम्
एडी. ऑफिस.- विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर-302005
Website : http://energy.rajasthan.gov.org/jvvnl, कार्यालय मुख्य अभियन्ता (कोटा संभाग)
मयपुरा पॉवर हाउस, छावनी रोड, कोटा- 324001, दूरभाष नं. 0744- 2320881, 2450066, ईमेल :- zcekz@jvvnl.org
ई - निविदा सूचना
जयपुर डिस्कॉम के क्षेत्राधिकार में निम्न कार्य हेतु दो भागों में ई-निविदा (तकनीकी-वाणिज्यिक) एआरसी 2023 पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है:- बूंदी वृत्त में सहायक अभियंता (पवस), जेपीडी, लाखेरी के अधीन मेसर्स उतराना लिफ्ट सिंचाई परियोजना, सहायक अभियंता, जल संसाधन विभाग, बूंदी के पक्ष में टीएन-37/2025-26 के अंतर्गत नया 845 एचपी (सीडी 630 केवीए) एचटी-एलआईपी कनेक्शन जारी करने हेतु। (UBN:VVN2526WSOB00428), झालावाड़ वृत्त में टीएन-38/2025-26 के अंतर्गत सहायक अभियंता (पवस), जेपीडी, सारोला कलां के अधीन परवन परियोजना के कनेक्शन जारी करने के लिए मौजूदा 33/11 केवी सबस्टेशन मालनवासा से पंपिंग स्टेशन-1 (सारोला कला) तक 7 किलोमीटर 11 केवी लाइन के निर्माण कार्य हेतु। (UBN:VVN2526WSOB00429), कोटा वृत्त में टीएन-39/2025-26 के अंतर्गत सहायक अभियंता (पवस) जेपीडी, दीगोद के अधीन अधीशाषी अभियंता, जल संसाधन परवन परियोजना, खसरा न0 149 एवं 150 डंगावद (हरिपुरा), दीगोद के पक्ष में CL 3600 KW तथा CD 4000 KVA क्षमता का नया एचटी-एलआईपी कनेक्शन जारी करने हेतु। (UBN:VVN2526WSOB00430) योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा सम्बन्धित दस्तावेज ई-प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 23.09.2025 से डाउनलोड कर सकते है। टीएन-37 व टीएन-38 के लिए निविदाऐं ऑनलाईन ई-पोर्टल पर दिनांक 29.09.2025 को सांय 05:00 बजे तक व टीएन-39 के लिए दिनांक 06.10.2025 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी, कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेबसाईट http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
राज.संवाद/सी/25/10620 जेपीआर - 3060 (2025) संभागीय मुख्य अभियंता (कोटा संभाग)
बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

स्कार्पियो गाड़ी से 10 लाख रूपये का डोडा पोस्त एवं नौ जिंदा कारतूस बरामद

- **सड़क पर खड़ी लावारिस स्कार्पियों एन में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ भरा होने की सूचना पर कार्रवाई की**

ब्यावर, (निसं)। पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर स्कार्पियो गाड़ी से सवा क्विंटल अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त एवं नौ जिन्दा कारतूस बरामद किये हैं। जब्त अवैध मादक पदाथ डोडा-पोस्त की अनुमानित बाजार कीमत करीब 10 लाख रूपये बताई गई है।

जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह आईपीएस के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, आरपीएस एवं वृत्ताधिकारी वृत्त मसूदा सज्जन सिंह आर.पी.एस के निकटतम सुपरविजन में थाना अधिकारी पुलिस थाना बिजयनगर मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक स्कार्पियो एन से 125.510 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त व नौ बारह बोर गन के नौ जिन्दा कारतूस बरामद किये हैं। गौरतलब है कि 19 सितम्बर को पुलिस थाना बिजयनगर पर विशेष सूत्र से सूचना मिली कि हनुतियां माताजी मन्दिर रोड बिजयनगर पर एक सफेद रंग की स्कार्पियों एन लावारिस खड़ी है, जिसमें भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ भरा हो सकता है, जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए हनुतियां माताजी मन्दिर रोड पहुंचे, जहां पर सूचना अनुसार एक स्कोर्पियो एन खड़ी मिली, जिसके वाहन चालक की आस-आस तलाश की गई तो वाहन चालक फरार हो चुका था, जिससे गाड़ी संदिग्ध प्रतीत होने पर तलाशी ली गयी तो गाड़ी के अन्दर सात कट्टों मे डोडा-पोस्त भरा मिला, जिनका वजन किया गया तो कुल 125.51 किलोग्राम हुआ। गाड़ी के अन्दर बारह बोर गन के नौ जिंदा कारतूस मिले जिनको जब्त कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम में इन्द्र सिंह स.उ.नि. थाना प्रभारी बिजयनगर गोपीराम हैड कांनि. और कांस्टेबल नीरज कुमार, बलवीर सिंह आदि थे।

पुलिस ने स्कार्पियो गाड़ी से सवा क्विंटल डोडा-पोस्त बरामद किया।

अफीम दूध के साथ एक गिरफ्तार : जोधपुर में जिला ग्रामीण की स्पेशल टीम ने अवैध अफीम के दूध के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। उसके पास से पुलिस ने दो किलो 70 ग्राम अवैध अफीम का दूध बरामद किया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस को घेरा डालना पड़ा। कार्रवाई में खेड़ापा पुलिस भी साथ रही।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिए डीएसटी व पुलिस थाना खेड़ापा ने संयुक्त कार्रवाई कर अफीम तस्कर खेड़ापा के अरनियानाडा निवासी सुरेश पुत्र रमेशराम विश्नोई को पकड़ा है। विशेष अभियान के तहत एएसपी भोपाल सिंह लखावत के निकट सुपरविजन एवं उपाधीक्षक भूराराम खिलेरी के निर्देशन में जिला विशेष टीम के कांस्टेबल राकेश नेहरा की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। कस्बा बावड़ी में खेड़ापा थानाधिकारी लाखाराम, डीएसटी प्रभारी श्रवण कुमार भवंरिया के नेतृत्व में अणवाणा तिराहा के पास एचपी पेट्रोल पम्प के सामने संदिग्ध व्यक्ति की घेराबंदी कर नाम-पता पूछा तो अपना नाम सुरेश पुत्र रमेशराम विश्नोई होना बताया।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर
क्रमांक : एफ( )/निविदा/2025-26/1854-1858 दिनांक 18.09.2025
NOTCE INVITING BID
NIT NO 24-28/ 2025-26
Bids for NRM Works Under PMKSY-2.0 project area in Jalore and Sanchore of estimated Value INR 1259.58 Lacs are invited from interested bidders Up to 3.00 PM 08-10-2025, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://Sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.

NIT NO.	Work Name & Block	NIB NO.	UBN NO.
NIT-24/2025-25	Sub Surface Beriour, Nadi, Anicut, Khadin and Rooftop Tanka (Ahore)	WSC2526A0736	WSC2526WSRC01278
NIT-25/2025-25	Sub Surface Beriour, Nadi, Anicut, Sunken Pond, Khadin with pakka weist wear, Farm Pond, Tanka with Agor and Rooftop Tanka (Ahore)	WSC2526A0738	WSC2526WSRC01280
NIT-26/2025-25	Tanka and Farm Pond Nirman (Sanchore)	WSC2526A0739	WSC2526WSRC01281
NIT-27/2025-25	Anicut/Pakka check Dam, Farm Pond, Khadin, Amritsarovar, Mini Parcolation Tank, Parcolation Tank, Earthen Check Dam, Sunken Pond and Recharge Shaft (Jaswantpura)	WSC2526A0740	WSC2526WSRC01282
NIT-28/2025-25	Anicut/Pakka check Dam, Farm Pond, Khadin, Amritsarovar, Mini Parcolation Tank, Parcolation Tank, Earthen Check Dam, Sunken Pond and Recharge Shaft (Chitalwana)	WSC2526A0741	WSC2526WSRC01284

(Laxman Singh Sandu)
SE & PMWCDC,
ZILA PARISHAD, JALORE
Raj.Samwad/C/25/10621 DDO CODE NO. 28606